नेहरू युवा केन्द्र संगठन
Nehru Yuva Kendra Sangathan

स्वायत्तशासी संस्था
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
भारत सरकार

an Autonomous Body under the Ministry of Youth Affairs & Sports Government of India

आज़ादी का अमृत महोत्सव

पत्रांकः नेयुकेसं / वि. कार्यः / क.यु.आ.प्र.कार्य. / 2024–25 / 18

दिनांक 28 अगस्त, 2024

सेवा में,

नेहरू युवा केन्द्र संगठन
राज्य निदेशक, दिल्ली, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, गुजरात, पंजाब एवं चंडीगढ़, केरल, उड़ीसा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, हरियाणा, कर्नाटक, राजस्थान और आन्ध्र प्रदेश।

विषयः कश्मीरी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम 2023–24 के कार्यान्वयन् के प्रमुख पहलुओं के संबंध में।

महोदय / महोदया,

कृपया दिनांक 8 अगस्त, 2024 की ईमेल का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से आपको उक्त विषयक दिशानिर्देश साझा किए गए थे। उल्लेखित दिशानिर्देशों में, आपको कार्यक्रम के कार्यान्वयन की योजनाओं के बारे में सूचित किया गया था।

2. उपरोक्त के मद्देनजर, पुनः सूचित करना है कि मेजबान जिलों को निम्नलिखित बिंदुओं का पालन करना आवश्यक है :–

- मेजबान राज्य के राज्य निदेशकों के परामर्श से संबंधित जिला युवा अधिकारी को कार्यक्रम के **दैनिक गतिविधियों / मिनट दर मिनट की योजना दिशानिर्देशों** के अनुलग्नक–1 (बी) के अनुसार अग्रिम रूप से बनानी होगी और कार्यक्रम के शुरू होने से कम से कम 20 दिन पहले मुख्यालय के साथ साझा करना अनिवार्य होगा ताकि इसे गृह मंत्रालय के साथ समय पर साझा किया जा सके।

- कार्यान्वयन की योजना के अंतिम रूप देने के बाद, भाग लेने वाले जिला युवा अधिकारियों को जल्द से जल्द सूचना जारी की जानी चाहिए ताकि टिकटों की पुष्टि न होने से बचने के लिए समय पर ट्रेन टिकटों का आरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

- प्रतिभागियों के लिए भोजन एवं आवास व्यवस्था हेतु गुणवत्तापरक की जानी चाहिए।

- कार्यक्रम के सफल कार्यान्वयन के लिए पूरे कार्यक्रम के दौरान भाग लेने वाले जिलों के जिला युवा अधिकारियों के साथ नियमित रूप से समन्वय स्थापित करना भी आवश्यक है।

3. इसके अलावा, आपसे अनुरोध है कि अधिक जानकारी के लिए मार्गनिर्देशिका का अवलोकन ध्यान करें।

शुभकामनाओं सहित,

(आर. एन. त्यागी)
संयुक्त निदेशक (कार्यक्रम)

भूतल, 4 जीवन दीप भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001
Ground Floor, 4 Jeevan Deep Building, Parliament Street, New Delhi-110001
Phone : 011-23442800 / 23740725
Visit us at http://www.nyks.nic.in